# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना./स्था./2019 दिनांक 29.09.2019 द्वारा श्री मनोज गुप्ता, प्रधानाचार्य, को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, 2 एम. एल, श्रीगंगानगर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गिड़ा जिला बाड़मेर एवं श्रीमती भारती दुग्गल, प्रधानाचार्य, राउमावि 22 पी.एस. श्रीगंगानगर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, 2 एम.एल, श्रीगंगानगर स्थानान्तरित किया गया था जिसके विरूद्ध श्री मनोज गुप्ता द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी.सिविल याचिका संख्या 15427/2019 मनोज गुप्ता बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 15427/2019 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.10.2019 द्वारा याचिकार्थी श्री मनोज गुप्ता को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने और प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए 10 दिवस के भीतर निस्तारित करने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

माननीय न्यायालय निर्णय के क्रम में याचिकार्थी मनोज गुप्ता द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में स्वयं के हृदय सम्बन्धी रोग से ग्रस्त होने, नवीन पदस्थापन स्थान के अत्यधिक दूर होने एवं अपनी विकट पारिवारिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपना पदस्थापन श्रीगंगानगर जिले में प्रधानाचार्य समकक्ष के किसी रिक्त पद पर पदस्थापित किये जाने की मांग की गई।

याचिकार्थी के अभ्यावेदन का माननीय न्यायालय निर्णय एवं राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। याचिकार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों, व्यक्तिगत कठिनाईयों एवं राउमावि 2 एम.एल. जिला श्रीगंगानगर में दोहरे पदस्थापन की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए याचिकार्थी श्री मनोज गुप्ता, प्रधानाचार्य का समायोजन/पदस्थापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 9 एफ.ए, मांझीवाला, करणपुर जिला श्रीगंगानगर में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन निस्तारित किया जाता है। श्रीमती भारती दुग्गल, 2 एम.एल, जिला श्रीगंगानगर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहेंगी। सभी सम्बन्धित सूचित हों।

**(नथमल डिडेल)**
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/एसबीसिया/मनोज गुप्ता/15427/2019** **दिनांकः 25.10.2019**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, श्रीगंगानगर।
6. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, करणपुर जिला श्रीगंगानगर।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जोधपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10 श्री मनोज गुप्ता, प्रधानाचार्य को आदेश की पालनार्थ।
11.निजी/रक्षित पत्रावली।

**संयुक्त निदेशक(कार्मिक)**